# पुष्कर सरोवर में फिडरों के पानी के साथ गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ पहुंचा

## पुरोहितों का आरोप है कि फीडरों के किनारे बने होटल और रिसोर्ट के अपशिष्ट पदार्थ आ रहे हैं

**पुष्कर,** (निसं)। करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र तथा हिंदुओं का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल पवित्र पुष्कर सरोवर प्रशासन और राज्य सरकार की उदासीनता के चलते अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। पवित्र सरोवर में जहां प्रतिदिन हजारों लोग आस्था की डुबकी लगाते हैं तो वहीं प्रशासन और राज्य सरकार की लापरवाही के चलते अब यह पानी दूषित होता जा रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन हजारों मछलियां दम तोड़ रही है। वहीं पवित्र सरोवर की दुर्दशा को लेकर तीर्थ पुरोहितों में भी जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न हो रखा है।

जानकारी के अनुसार गत दो दिन की बरसात में पुष्कर सरोवर में अच्छे पानी की आवक के लिए बनाए गए करोड़ों रुपए की लागत फीडरों से गंदे बरसात के पानी के साथ अपशिष्ट पदार्थ और गंदगी पवित्र सरोवर में बहकर आ गई, जिसके चलते पवित्र सरोवर का पानी दूषित हो रहा है। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि पवित्र सरोवर की तरफ ध्यान नहीं देने के कारण धीरे-धीरे अब पवित्र सरोवर की दुर्दशा होती जा रही है। फीडरों के आसपास बने होटल और रिसोर्ट का सारी गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ फीडरो में आ रही है



पुरोहितों ने सरोवर के पानी से स्वयं अपने हाथों से अपशिष्ट पदार्थ और गंदगी निकाली।

तथा फीडरों की साफ सफाई नहीं करवाने के कारण सारी गंदगी बरसाती पानी के साथ पवित्र सरोवर में बहकर आ रही है। यही नहीं संतोषी माता की ढाणी और लीला सेवड़ी का सारा गंदा पानी भी खुलेआम फीडरों में आ रहा है, लेकिन इसकी प्रशासन और सरकार के द्वारा कोई रोकथाम नहीं की जा रही है। बरसात में पवित्र सरोवर की पानी की आवक अच्छी हो इसके लिए फीडर बनाए गए, लेकिन फीडरों के साफ सफाई तथा रख-रखाव नहीं होने के कारण अब यह फीडर गंदे पानी के नाले बन चुके हैं।

लोगों ने कई बार प्रशासन से मांग की है कि ऐसे रिसॉर्ट और होटलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जिनकी गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ फीडरों में डाला जा रहा है और ऐसे होटलों ओर रिसोर्ट को तुरंत प्रभाव से सीज किया जाए। तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि बरसात के समय में बरसाती पानी के साथ सारी गंदगी पवित्र सरोवर में आ रही है जिसके चलते पानी दूषित हो रहा है। तो वहीं श्रदालुओं की आस्था पर भी आघात लगा रहा है। सोमवार को भी ब्रह्म घाट पर स्थित पुरोहितों ने पवित्र

- फीडरों की साफ सफाई नहीं होने से सारी गंदगी पवित्र सरोवर में आ रही है, इससे प्रतिदिन हजारों मछलियां दम तोड़ रही है

सरोवर के पानी में अपशिष्ट पदार्थ और गंदगी तैरती देखी, जिसके चलते पुरोहितों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और तुरंत प्रभाव से अपने हाथों से पवित्र सरोवर के जल से गंदगी और अपशिष्ट पदार्थ निकाले। तीर्थ पुरोहितों ने राज्य सरकार प्रशासन से मांग की है कि पवित्र सरोवर सुध लेकर सरोवर की पवित्रता की रक्षा की जाए और सरोवर में आने वाले अपशिष्ट पदार्थ और गंदगी की तुरंत प्रभाव से रोकथाम की जाए। इस दौरान मदन मस्त, बैजनाथ, दीपक पाराशर, भोला पाराशर, क्षेत्रपाल पाराशर, वैभव पाराशर सहित सैकड़ों तीर्थ पुरोहित मौजूद थे। वहीं गत दिनों मुख्यमंत्री की पुष्कर यात्रा के दौरान भी पुष्कर के तीर्थ पुरोहित पुष्कर सरोवर को बचाने की गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा, समस्या जस की तस है।

# आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा आज व कल

## अजमेर व जयपुर के 77 केंद्रों पर 21 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं मुख्य परीक्षा- 2024 की दो दिवसीय परीक्षा मंगलवार और बुधवार को आयोजित होगी। परीक्षा में प्रदेशभर के 21 हजार 440 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

आयोग के सचिव ने बताया कि दो दिवसीय आरएएस मुख्य परीक्षा 17 मंगलवार व 18 बुधवार को अजमेर के 29 तथा जयपुर के 48 परीक्षा केंद्रों सहित कुल 77 केंद्रों पर दो पारियों में आयोजित होगी। प्रथम पारी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पारी दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

गौरतलब है कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रारंभिक परीक्षा में 3.75 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 21 हजार 539 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। वहीं आयोग ने 1 हजार 680 अभ्यर्थियों को 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों का उत्तर नहीं देने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया, जबकि दो अभ्यर्थियों का परिणाम न्यायालय में याचिका के चलते रोक दिया गया है। मूल रूप से 733 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के पदों की संख्या 17 फरवरी 2025 को बढ़ाकर 1 हजार 96 कर दी गई है। इसमें राज्य सेवा के 428 और अधीनस्थ सेवा के 668 पद सम्मिलित हैं। आयोग ने 14 जून को ही परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए थे। परीक्षा केंद्र की जानकारी भी एसएसओ पोर्टल के रिक्रूटमेंट सेक्शन में उपलब्ध है। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 60 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा। देर से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। आवश्यक दस्तावेजों में अभ्यर्थी को मूल रंगीन आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना है।

## युवती ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। सुखेर थाना क्षेत्र में युवती ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चित्रकूट नगर निवासी नेला पुत्री राजेश कुमार ठाकुर ने सोमवार सेवेरे अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। एएसआई हरीश सनाढ्य ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। नेहा नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। जिसमें फैल होने की वजह से मानसिक परेशान थी। इसी तनाव के चलते आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जालोर**

क्रमांकः अअ /वृत/जा/2025-26/475-491 दिनांकः 03/06/2025

**निविदा सूचना संख्या : 05 वर्ष 2025-26**

**NIB No. PWD2526A0985**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जालोर शहर की रिंग रोड निर्माण हेतु डीपीआर के कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 110.00 लाख है, अतः उक्त कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 09 जुन 2025 प्रातः 10.00 बजे से 30 जुन 2025, सायं 6:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:// eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB No. PWD2526A0985

| क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|
| 1 | PWD2526SLOB0222 |

(डी.आर.माधव)
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत्त, जालोर
मोबाईल 9414325400

DIPR/C/7460/2025


# प्राणघातक हमला करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। वाघपुरा थाना पुलिस ने पीड़ित पर तलवार से प्राणघातक हमला करने वाले को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित ने 7 अप्रैल को प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी ललित पुत्र चुन्नीलाल निवासी मादड़ी मेरे पुत्र पर तलवार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में वाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी ललित को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी 001 गैंग का सक्रिय बदमाश होकर इसके खिलाफ छह अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर ऋषभदेव थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए दो वर्ष से फरार स्थाई वारंटी हाजा पुत्र रतना निवासी उगमणा कोटड़ा ऋषभदेव को गिरफ्तार किया।

## दो सूने मकानों में चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के गोवर्धन विलास एवं सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। शहर के सक्रिय चोर गिरोह के बदमाश शहर में जारी तलाशी अभियान एवं पुलिस गश्त के बावजूद वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र आरएचबी कॉलोनी चुंगीनाका स्थित दुर्गेशपुत्र लीलाराम गर्ग के सूने मकान का चोर ताला तोड़कर सोने की 3 चेन, दो ईयरिंग, चांदी के सिक्के चुरा ले गए। दह जून को दुर्गेश नौकरी पर गया था एवं पत्नी अपने पीहर गई थी। नौकरी से लौटने पर घर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो जेवरात व नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इसी तहर शहर के सविना थाना क्षेत्र लालमगरी निवासी भगवानलाल पुत्र मावा मेघवाल के सूने मकान का 15 जून को अज्ञात चोर ताला तोड़ सोने का मादलिया, चांदी की चेन, ब्रासलेट चांदी का तथा 10 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।

# होटल के कमरे में युवती की अधजली लाश मिली

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां एक होटल के कमरे से युवती की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। देर रात होटल की दूसरी मंजिल पर हुई इस घटना में युवती की मौत के कारणों की जांच में पुलिस जुटी है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मृतका शनिवार दोपहर को अकेली होटल में ठहरी थी। देर रात जब होटल का एक वेटर रूटीन चेक के लिए दूसरी मंजिल पर गया तो उसे एक कमरे से धुएं की गंध और आग जलने की बदबू आती महसूस हुई। कमरे के बाहर जाकर देखा तो धुआं निकलता दिखाई दिया, जिस पर उसने तत्काल अन्य स्टाफ को सूचित किया। होटल स्टाफ ने जब देखा कि कमरा अंदर से बंद है तो दरवाजा तोड़ना पड़ा। अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। बिस्तर पर युवती का

- आत्महत्या की आशंका जताई, हरियाणा की रहने वाली थी युवती
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

बुरी तरह जला हुआ शव पड़ा था। घटना की सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। युवती की पहचान और उसके आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

कोतवाली थाना अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह मय जाब्ता के मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल और एमओबी टीमों ने देर रात तक साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से बरामद आधार कार्ड से मृतका की पहचान सुमन (पति गुरतान सिंह) निवासी कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई। होटल में भी इसी आधार कार्ड से उसकी एंट्री दर्ज थी पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है। पुलिस मृतका के परिजनों से संपर्क कर घटना की पृष्ठभूमि और मानसिक स्थिति की जानकारी जुटाने में जुटी है। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मृतका के मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच के साथ होटल स्टाफ से भी पूछताछ कर रही है ताकि युवती के होटल आने और इतना बड़ा कदम उठाने के कारणों का पता लगाया जा सके।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त टोंक**

क्रमांक :680-90 दिनांक :-03.06.2025

**निविदा सूचना संख्या-04/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से Consultancy Services for Preparation Detailed Project Report (DPR) and Project Management for Construction of Ring Road of Tonk City (Including fixing of alignment and design of 2-Lane road with paved shoulders and 2 nos interchanges with NH-52 and NH-552 and preparation of land acquisition plan इत्यादि कार्य (1 कार्य) हेतु इत्यादि कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में (Working Consultants) से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। पैकेजवाईज यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

NIB CODE: PWD2526A1007
UBN NO:- PWD2526SLOB03299

(एच.एल. मीना)
अधीक्षण अभियंता
सा.नि.वि. वृत टोंक

DIPR/C/7498/2025



**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF POLICE RAJ JAIPUR**

H-1(10)Ps/Hath/E-Tender/2025/7494 Dated-3.6.2025

**NOTICE INVITING BIDS**

**NIB NO. POL2526A0005**

Bids for Capsi Spray (Chilli Spray), Capsi Grenade(Chilli Grenade) & Tactical Engagement Simulator System of estimated value INR 2,76,50,000/- are invited from interested bidders up to 26.06.2025 at 11.00 am. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in; https://sppp.rajasthan.gov.in of the state of Rajasthan and Rajasthan Police Website- https://www.police.rajasthan.gov.in.

UBN.
1. POL2526GLOB00040 Capsi Spray
2. POL2526GLOB00041 Capsi Grenade
3. POL2526GLOB00042 Tactical Simulator

(Yashpal Tripathi)
Supdt. of Police Central Stores, PHQ
Rajasthan, Jaipur
Tel-0141-2744289

DIPR/C/7570/2025 Mail ID-sp.cstore.pmw@rajpolice.gov.in



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-चित्तौडगढ़**

क्रमांक-टी.एस./2025-26/डी-569 दिनांक-30.05.2025

**NOTICE INVITING BID-09/2025-26**

Bids for Construction of Atal Pragati Path Satpura Road to Retuliya Chowk (Ghosunda) in Division Chittorgarh Procurement are invited from interested Bidders upto 6.00 PM of 16.06.2025 Other particulars of the Bid may be visited on the Procurement Portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in.) of the state website. The approximate value of the Procurement in Rs. 15797033.00

**UBN No.- 1. PWD2526WSOB03051**

Executive Engineer
PWD Dn. Chittorgarh

DIPR/C/7397/2025



**कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर**

क्रमांक-एफ()स्टोर/उवस/2024-25/11454 दिनांक-16/06/25

**ई-निविदा विज्ञिप्त**

इस कार्यालय द्वारा रेंज फागी में अधीन एन. एच. - 52 जयपुर से देवली खंड चेयनेज संख्या 03 किलोमीटर से 27 किलोमीटर दूरी में तार फैसिंग एंव पोधे सप्लाई कार्य की ई-निविदा इस कार्यालय के राजकाज नम्बर 15674141 दिनांक 03.06.2025 एवं 15667796 दिनांक 03.06.2025 ई-विज्ञिप्त जारी की गई थी। ई-निविदा विज्ञिप्त अखबार में प्रकाशन नही होने के कारण दिनांक 18.06.2025 को निर्धारित है। उक्त निविदा को संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, And www. sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. (FOR2526WSOB00394) Date 03-06-2025
UBN NO. (FOR2526GLOB00393) Date 03-06-2025

DIPR/C/7898/2025 उप वन संरक्षक, जयपुर



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक : 409-417 दिनांक: 02-06-2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में अटल पथ, सड़क नवीनीकरण एवं भवन निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

1. PWD2526WSOB03351, 2. PWD2526WSOB03358
3. PWD2526WSOB03366, 4. PWD2526WSOB03368
5. PWD2526WSOB03370, 6. PWD2526WSOB03377

(के. के. मींना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/7512/2025



**Office of Additional Chief Engineer PHED, Region Bharatpur**

Telephone No 05644-221500, Email: rj_acebha@nic.in

**Notice Inviting Bid No. 02-05/2025-26**

Online bids for NIT No. 02-05/2025-26 (04 work), Costing Rs. 575.00 Lacs is invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/ Postal/ Telecom/ Railways/ MES/ other State Government/ Central Government undertakings/organization in class equivalent to "A/ AA" class of Rajasthan (as applicable) and meeting prescribed eligibility criteria may also apply. Details of this Bid notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIB exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in from 04-06-2025 to 19-06-2025 (6PM) & Bids are to be opend at 11.00 AM on 20-06-2025.

NIB Code: PHE2526A1523
UBN No.- PHE2526WSOB03135
PHE2526WSRC03136
PHE2526WSRC03137
PHE2526WSRC03138

(Mohan Lal Meena)
Addl. Chief Engineer
PHED, Region Bharatpur

DIPR/C/7502/2025


# करोड़ों रुपये का कपड़ा उधार मंगवाकर खुर्द-बुर्द किया, छह गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने कपड़ा व्यापारियों से पांच से छह करोड़ रुपये का उधार में कपड़ा मंगवाकर खुर्द-बुर्द करने के मामले में गुजरात के भावनगर के छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि इंडस्ट्रीयल स्टेट, पांसल चौराहा स्थित बालाजी रेयोंस पार्टनर मनीष कोठारी ने निर्मल हसेजा निवासी भावनगर गुजरात सहित अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया गया कि आरोपियों ने परिवादी की कम्पनियों को विश्वास में लेकर करीब 5-6 करोड़ रूपये का कपड़ा मंगवा लिया, जिसे धोखाधड़ी कर खुर्द-बुर्द कर दिया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की। इसके बाद एएसआई चिराग अली के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को भावनगर गुजरात भेजा गया।

टीम ने इस मामले में रसाला कैम्प, भावनगर निवासी खटयानी कमलेश (36) पुत्र उधमदास, बालचंदानी



भीलवाड़ा शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने गुजरात के भावनगर के छह लोगों को गिरफ्तार किया।

रमेश (55) पुत्र तोतलदास निवासी इन्द्रप्रस्थ फ्लेट दिवडी रूपाणी सर्किल, भावनगर, घमेजा अजय भाई (34) पुत्र रूपचंद भाई निवासी रसाला कैम्प भावनगर, रजाई तरूण (26) पुत्र सुरेश भाई कृष्णा बंसरी अपार्टमेंट न्यू सिंधुनगर भावनगर, ढेढी हिम्मत भाई (44) पुत्र शामजी भाई मीरा पार्क, सब्जी मार्केट घोघा रोड भावनगर व सरदारनगर, भावनगर निवासी जेसानी सुरेश (43) पुत्र गोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। टीम में एएसआई चिराग अली के साथ दीवान सुनील कुमार, कांस्टेबल रामनिवास, राफल सिंह, नरेंद्र, आशीष, पिंटू शामिल थे, जिन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरू किया है।

# एमजीएस यूनिवर्सिटी में कुलपति और विधायक के बीच विवाद गहराया

## घाटे का बजट जारी करने का आरोप, मामला राज्यपाल और मुख्यमंत्री तक पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी (एमजीएसयू) में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (बोम) की बैठक को लेकर कुलपति और श्रीडूंगरगढ़ विधायक के बीच विवाद गहरा गया है। विधायक ने कुलपति पर नियमों की अनदेखी कर बैठक आयोजित करने और घाटे का बजट जारी करने का आरोप लगाया है। मामला अब राज्यपाल और मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है।

यहां आयोजित बोम की बैठक में सदस्य के रूप में उपस्थित श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने बैठक की वैधता पर ही सवाल उठाए। उनका कहना है कि बोम में मनोनीत सदस्य का मनोनयन नहीं होने के कारण बैठक नहीं की जा सकती थी। विधायक की आपत्ति पर कुलपति मनोज दीक्षित ने शासन से स्वीकृति का हवाला दिया, लेकिन कोई आदेश प्रस्तुत नहीं किया। विवाद का मुख्य मुद्दा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट है, जिसमें 15,591 लाख रुपए की आय के मुकाबले 17,936 लाख रुपए का खर्च दिखाया गया है। करीब दो हजार करोड़ रुपए के इस बजट पर विधायक ने आपत्ति जताई थी। उनका आरोप है कि कुलपति ने बैठक में बजट स्वीकृत न करने की सहमति जताई थी, लेकिन बाद में इसे स्वीकृत कर दिया गया। विधायक सारस्वत ने राज्यपाल को पत्र लिखकर बजट को संशोधित करने और धन के दुरुपयोग को रोकने की मांग की है। उन्होंने कुलपति पर बिना अनुमति बैठक बुलाने और मना करने के बावजूद घाटे का बजट जारी करने का आरोप लगाया है।

कुलपति मनोज दीक्षित का कहना है कि बैठक नियमानुसार आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि विधायक ने बैठक के दौरान कोई लिखित आपत्ति दर्ज नहीं कराई। उन्होंने धन के दुरुपयोग के आरोपों को भी खारिज करते हुए कहा कि विधायक की शिकायत का जवाब सक्षम स्तर पर दिया जाएगा। इस विवाद ने विश्वविद्यालय प्रशासन और राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल उठ रहे हैं।


**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML 05)/2025/ई – 11399

**ई–नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय–III के तहत निम्नांकित प्लॉटो के आंवटन ई–नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:–

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| धौलपुर | सरमथुरा | कछपुरा | सेण्डस्टोन | 5 |
| झुंझुनू | खेतडी | नालपुर | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| ब्यावर | बिजयनगर | रूपाहेली खूर्द | ग्रेनाईट, मेसेनरी स्टोन | 7 |
| बून्दी | बून्दी | गुवार | सैण्ड स्टोन | 5 |
| कोटा | लाडपुरा | मवासा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | | मांदलिया | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| सिरोही | सिरोही | फलवदी | ग्रेनाईट | 13 |
| | | वलदरा | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 2 |
| चित्तौड़गढ़ | भदेसर | भीमलोद | चाईना क्ले, क्वार्टजाइट एवं मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | | सोमावास | चायना क्ले, क्वार्टजाईट व मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | गंगरार | अमरपुरा | ग्रेनाईट व मेसेनरी स्टोन | 17 |
| भीलवाड़ा | बनेड़ा | रूपाहेली खुर्द | ग्रेनाईट | 5 |
| | हमीरगढ़ | दलेलसिंहजी का खेड़ा | चायना क्ले, मेसेनरी स्टोन (क्वार्टजाईट) | 1 |
| | आसीन्द | ईन्द्रपुरा | ग्रेनाईट | 10 |
| | | कटार | ग्रेनाईट | 10 |
| | | दौलतगढ़ | ग्रेनाईट | 3 |
| | | सांकड का बाडिया | ग्रेनाईट | 1 |
| भीलवाडा | बिजौलिया | देवनगर | एम-सेण्ड के निर्माण हेतु ऑवरबर्डन डंप के परमिट | 1 |
| | | देवनगर, सरकीकुडी | एम-सेण्ड के निर्माण हेतु ऑवरबर्डन डंप के परमिट | 1 |
| प्रतापगढ | छोटीसादडी | जीवनपुरा | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| | | जीवनपुरा | मेसेनरी स्टोन | 8 |
| प्रतापगढ़ | धरियावाद | लोहागढ़ | मारबल | 1 |
| डूंगरपुर | डूंगरपुर | दामड़ी | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| | | दामड़ी | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| डीडवाना–कुचामन | डीडवाना | कोलिया | मेसेनरी स्टोन | 10 |
| उदयपुर | घांसा | चन्देसरा | मेसेनरी स्टोन (एम-सैण्ड हेतु) | 2 |
| | खेरवाडा | बंजारिया | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 2 |
| | | मिठीमहुडी | सोपस्टोन व मेसेनरी स्टोन | 2 |
| | मावली | चन्देसरा | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| | नयागांव | महीडा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | | नयागांव | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| | | महीडा | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| डूंगरपुर | सीमलवाडा | चाडोली | मेसेनरी स्टोन | 6 |
| | | | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 3 |
| | | | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 1 |
| | | सीथल | मेसेनरी स्टोन | 9 |
| | डूंगरपुर | अंदरखेत | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | दोवडा | भचडीया | मेसेनरी स्टोन | 6 |
| | | | मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु) | 2 |
| डूंगरपुर | दोवडा | फलोज | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| दौसा | सिकराय | कालवान | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| जयपुर | रामपुरा डाबडी | खोरा श्यामदास | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| जोधपुर | औसिया | पाबूनगर | मेसेनरी स्टोन | 13 |
| जैसलमेर | जैसलमेर | हडडा | लाइमस्टोन (डाइमेन्सनल) | 15 |
| नागौर | रियाबड़ी | पिपलिया | ग्रेनाईट | 6 |
| | डेगाना | हरसौर | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| | लाडनूं | बाकलिया | मेसेनरी स्टोन | 7 |
| टोंक | मालपुरा | फूलमालियान | ग्रेनाईट | 13 |
| अजमेर | भिनाय | रामालिया | ग्रेनाईट व मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | सावर | सावर | मारबल | 2 |
| बाड़मेर | बायतु | करणीपुरा चक चारणौत (नौसर) | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| राजसमंद | नाथद्वारा | मडका | ग्रेनाईट | 1 |
| | | | कुल प्लॉट | 227 |

विशेष नोट:–